## खंड – 'ख'

3. नीचे दिये विषयों में से किसी **एक** पर निबंध लिखिए : **5**

(क) भारतीय किसान की समस्या

(ख) विकास की ओर अग्रसर भारत

(ग) वह बात मुझे आज भी प्रेरणा देती है ।

(घ) हमारे आदर्श व्यक्ति

4. यातायात के नियमों का पालन न करने के कारण दुर्घटनाओं में प्रतिदिन होने वाली वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए परिवहन मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

भारत में पर्यटन की संभावनाओं का उल्लेख कर पर्यटन हेतु अनुकूल वातावरण बनाने की अनुशंसा करते हुए किसी दैनिक अखबार के संपादक को पत्र लिखिए ।

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

5. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं ? नाम लिखिए ।

(ख) 'इंटरनेट' पत्रकारिता क्या है ?

(ग) समाचार लेखन के 'ककारों' का उल्लेख कीजिए ।

(घ) 'वॉचडॉग' पत्रकारिता किसे कहते हैं ?

(ङ) 'संपादकीय' की दो विशेषताएँ लिखिए ।

6. विद्यालय में 'बाल दिवस' **अथवा** 'शिक्षक दिवस' के आयोजन पर एक फ़ीचर तैयार कीजिए । **5**

7. 'हस्तशिल्प उद्योग' **अथवा** 'आई.पी.एल. क्रिकेट' विषय पर एक आलेख लिखिए । **5**



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

